एक नजर में

युवा व्यवसाई राठौर का आकस्मिक निधन

कांटाफोड़। क्षेत्र के गल्ला खरीदी व्यापारी, समाजसेवी एवं सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी महेश राठौर का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

स्वयं करने और चलने की हिम्मत रखो तुम देखना, एक दिन पूरा काफिला तुम्हारे पीछे दौड़ेगा अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी

सोनकच्छ। खुद से कुछ करने का जज्बा शुरू करें और देखें, कैसे असम्भव कार्य सम्भव नहीं होते। हमने अनुभव किया आज का कोई भी इन्सान बुरा नहीं है। सिर्फ उसकी आदतें बुरी होने से, अच्छा कार्य भी खराब हो जाता है इस लिए अच्छी आदतों को जीवन में लायें और बुराईयों पर अच्छे कार्यों की मुहर लगायें। यह बात गुरुदेव के प्रतिदिन होने वाले अंतर्मना उवाच के माध्यम से अपने भक्तों को कही उन्होंने उवाच के माध्यम से भक्तों को जीवन उपयोगी सूत्रों देते हुए कहां आज के समय में जीवन का आनंद लेना है तो 5-7 मिनट ध्यान करे, नित्य 30 मिनट एक्सरसाइज करें। खुद को स्वस्थ और प्रसन्न रखें। सौ बीमारियों से बचने के लिये, सप्ताह में सिर्फ एक दिन गर्म पानी या नींबू पानी पीयें। अपने कार्य और कर्त्तव्य को हर क्षण याद रखें। जिन कारणों से मन की शान्ति और चेहरे की चमक खत्म हो रही हो, उन कारणों को समाप्त करें या समाधान करें। हर महिने के दो दिन तय करें, मोबाइल और नेट बन्द करके अपने परिवार के साथ रहेंगे। लेट सोना और देर से उठना बन्द करें। जो नुकसान किसी भी तरह से हुआ या हो गया है, उसे भूलकर या छोड़कर नये फायदे की सोचें। अपनों से ज्यादा अपने आप पर भरोसा करें, तथा अपनी औकात से ज्यादा इच्छा और अपेक्षा न रखें। गलत बात, गन्दे वीडीओ किसी को फॉरवर्ड ना करें। माता, पिता, गुरु और धर्म के साथ छल, कपट, झूठ का व्यवहार ना करें। दस बजे नेट बन्द करके सो जाए, आज की समीक्षा और कल की प्रतिक्षा करें। अंतर्मना आचार्य श्री ने कहा कि मेरी बातें ज्यादा समझदार, बुद्धिमान, चतुर और चालाक लोगों के लिये नहीं है। उनके लिये है जिनको जीवन का मूल्य वसूल कर, मुस्कुराना है। ये बातें उनको कठिन लगेगी, जिनको कुछ भी नहीं करना है, सिर्फ जीवन को ढोना है जिसे जीवन जीना है वे आत्मसात कर लेंगे। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि गुरु शिष्य मिलन के बाद अंतर्मना गुरुदेव ने संपूर्ण पुष्पगिरी का भ्रमण किया जिनके बाद पुष्पगिरी पर मानव कल्याणार्थ आवश्यक निर्माण कार्यों को देखा। आगामी समय होने वाले कार्यों की रुपरेखा तय कर प्रवंधन समिति को उचितदिशा निर्देश दिए

वेटेरिनरी कॉलेज महू का 72वां स्थापना दिवस मनाया

महू. पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू का 72वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को एलुमिनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में उत्साहपूर्वक मनाया गया. समारोह नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं विभिन्न शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी. अध्यक्षता भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने की. इस अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई. इसमें पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, मध्यप्रदेश के कार्यपालिक संचालक डॉ. प्रवीण शिंदे ने वेटेरिनरी एंटरप्रेन्योर: प्लेबुक फॉर द इंडियन लाइवस्टॉक इकोनामी विषय पर व्याख्यान दिया. अतिरिक्त उपसंचालक भोपाल डॉ. अनुपम अग्रवाल ने भी विभागीय योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों पर अपने विचार व्यक्त किए. समारोह में एलुमिनी एसोसिएशन के सचिव डॉ. राकेश शारदा ने एलुमिनी एसोसिएशन अवार्ड की घोषणा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. संचालन डॉ. निधि श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. नीतू राजपूत ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, पूर्व शिक्षकों, वर्तमान शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही.

श्री चक्की वाले महादेव की भव्य राजसी पालकी यात्रा 3 अगस्त को

महू. श्री चक्की वाले बाबा पालकी भक्त मंडल एवं सेवा समिति (रजि.) महू के तत्वावधान में आगामी 3 अगस्त को सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर श्री चक्की वाले महादेव की पारंपरिक भव्य राजसी पालकी यात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा की राजसी सवारी नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से वैभवपूर्ण तरीके से निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन बेहद ऐतिहासिक और विशेष होने जा रहा है. यात्रा के इतिहास में पहली बार श्री चक्की वाले महादेव भक्तों को पांच अलग-अलग दिव्य स्वरूपों में दर्शन देंगे. इन स्वरूपों में मुख्य रूप से श्री महाकाल सेहरा दर्शन, श्री उमा महेश, श्री चंद्रमोलेश्वर, श्री मनमहेश एवं श्री चक्की वाले महादेव के विग्रह शामिल रहेंगे. बाबा के इन अलौकिक रूपों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं. राजसी पालकी यात्रा के दौरान देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दी जाएंगी. इसके साथ ही धार्मिक प्रसंगों पर आधारित सजीव और आकर्षक झांकियां, ढोल-ताशे, और पारंपरिक नृत्य दल इस यात्रा के मुख्य आकर्षण होंगे.

हर-हर महादेव के जयघोष के बीच देवास से रवाना हुआ आस्था का कारवां

- भक्ति के रंग में रंगा रेलवे स्टेशन
- मां चामुंडा-मां तुलजा भक्त मंडल के 100 से अधिक श्रद्धालु बद्रीनाथ-केदारनाथ सहित चारधाम यात्रा पर निकले, पुष्पवर्षा कर किया भावपूर्ण स्वागत

देवास। देवास रेलवे स्टेशन रविवार को आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया। हर-हर महादेव और जय बद्री विशाल के जयघोषों के बीच मां चामुंडा-मां तुलजा भक्त मंडल के 100 से अधिक श्रद्धालु धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। भक्तिमय विदाई ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। मां चामुंडा-मां तुलजा भक्त मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक यात्रा अंबेडकर नगर-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से प्रारंभ हुई। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर दिखाई दिया। परिवारजन और समाजजन श्रद्धालुओं को मंगलकामनाओं के साथ विदा करने पहुंचे। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के दर्शन करेंगे। विशेष रूप से बद्रीनाथ धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण भी इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहेगा। भक्त मंडल द्वारा पूरे यात्रा कार्यक्रम को आध्यात्मिक अनुभूति से भरपूर बनाने की विशेष व्यवस्था की गई है। भक्त मंडल ने यात्रियों के लिए भोजन, नाश्ता, आवास, स्थानीय परिवहन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की है, जिससे श्रद्धालु पूरी यात्रा के दौरान निश्चिंत होकर पूजा-अर्चना एवं दर्शन का लाभ ले सकेंगे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े श्रद्धालु इस सामूहिक धार्मिक यात्रा का हिस्सा बने हैं।

श्रद्धालुओं को विदा किया

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल एवं दुर्गेश अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुओं का स्वागत एमआईसी सदस्य धर्मेंद्रसिंह बैस, शीतल गेहलोत, गणेश पटेल, मुस्तफा अंसार एहमद, पार्षद बाबू यादव, भाजपा नेता सचिन जोशी, राकेश सोलंकी, शुभम यादव, विपुल अग्रवाल, बलराम प्रजापति, शुभम पंडित, जुगनू गोस्वामी, प्रिया शर्मा, जितेंद्र जायसवाल, कैलाश दसोरे, मनोज डोडिया, विजेंद्र राणा सहित अनेक समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पहार पहनाकर किया। सभी ने श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

ब्रह्म बन्धुत्व द्वारा सुन्दर कांड पाठ

देवास। 11 सितम्बर को ब्रह्म बन्धुत्व संस्था बीएनपी द्वारा मानस भवन शिव मंदिर में गायक प्रहलाद कुमरे की टीम एवं पं राधेश्याम तिवारी द्वारा मधुर गायन वादन के साथ सुखद वर्षा की कामना हेतु सुन्दर कांड का पाठ किया गया। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित एवं सांस्कृतिक मंत्री चन्द्रशेखर दुबे ने बताया कि संस्था द्वारा अषाढ़ माह में सुखद वर्षा की कामना हेतु सुंदर कांड का पाठ कराया जाता है, पुजारी पं गजेन्द्र शास्त्री ने संस्था के संरक्षक पं संजय शुक्ला, महासचिव पं राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पं राहुल शर्मा, पं दिनेश जोशी, पं रामपदारथ मिश्रा द्वारा भगवान श्री राम का पूजन कराया गया।

अंचल की सबसे पुरानी एवं बड़ी कावड़ यात्रा 4 अगस्त को धारा जी होगी प्रारंभ

बागली। 1996 मैं चंद कावड़ यात्रियों के सहयोग से आरंभ हुई बोल बम कावड़ यात्रा 30वें वर्ष में प्रवेश कर रही हे इस धार्मिक जल यात्रा को लेकर रविवार को ग्राम बोरखेड़ा मे बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सिंह सिसोदिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी रामचंद्र पाटीदार (इकलेरा), एडवोकेट प्रवीण चौधरी (बागली), लेखक राजेंद्र बज (हाट पिपलिया), गायत्री परिवार के रमेशचंद्र मोदी (देवास) तथा कावड़ यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के पूर्व ग्राम बोरखेड़ा के मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा मां नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ की आरती की गई। इसके बाद 4 अगस्त को निकालने वाली कावड़ यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस दौरान पत्रकार एवं लेखक राजेंद्र बज ने सनातन धर्म के पालन को इस लोक और परलोक दोनों के कल्याण का आधार बताया वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने कावड़ यात्रा को सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का जीवंत प्रतीक बताते हुए इसे भारत दर्शन की संज्ञा दी। कावड़ यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता ने कहा कि श्रद्धा और भक्ति से की गई कावड़ यात्रा आत्मशक्ति को जागृत करती है तथा मनोकामनाओं की पूर्ति का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय शक्ति सर्वोपरि है। और उसी की कृपा से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। समाजसेवी रामचंद्र पाटीदार ने सभी कावड़ यात्रियों से अपने-अपने गांवों में पौधारोपण करने का आह्वान करते हुए मध्यप्रदेश को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेने की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदीप सिंह सिसोदिया ने कावड़ यात्रियों के सेवा एवं धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए इस यात्रा को धर्म, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायी अभियान बताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कावड़ यात्रा 4 अगस्त को धाराजी से प्रारंभ होगी। यात्रा विभिन्न पड़ावों से होती हुई 10 अगस्त को उज्जैन पहुंचेगी तथा 11 अगस्त को श्री महाकालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। बैठक में मालवा अंचल के लगभग 60 गांवों से 400 से अधिक कावड़ यात्रियों ने सहभागिता की।

पहली बारिश में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा डेम बह गया

देवास। विगत दिनों हुई मौसम की पहली बारिश में हाटपिपलिया एवं सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत होशियारी मकोडिया मार्ग पर करीब 7.5 करोड़ की लागत से बना डेम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। एक महीने पूर्व ही डेम का भूमिपूजन मंत्री तुलसी सिलावट एवं विधायक मनोज चौधरी द्वारा किया गया था लेकिन थोड़ी ठेकेदार और बीजेपी नेता की सांठ गांठ से बना पुल कुछ ही दिनों में एक बारिश भी नहीं झेल पाया एवं पहली ही बारिश में घटिया निर्माण के चलते डेम क्षतिग्रस्त होकर बह गया। जिसको लेकर रविवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान, किसान नेता हंसराज मंडलोई, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण पटेल, रजनीश पटेल घटनास्थल पर पहुंचे एवं डेम का निरीक्षण किया प्रतिनिधिमंडल ने पाया कि डेम निर्माण में बहुत ही घटिया किस्म कि सामग्री का उपयोग किया गया था।

प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

देवास। प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोज राजानी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। सम्मानित प्रतिभाओं में सर्वप्रथम अंशिका प्रजापति सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होने पर एवं बार एसोसिएशन के सचिव चंद्रपाल सोलंकी रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुधीर पंडित एवं सचिव भरत विजयवर्गीय बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विशाल तिवारी एवं खो खो के राष्ट्रीय खिलाड़ी मिर्जा बेग के जन्मदिन पर सम्मान प्रगति एथलेटिक क्लब एवं देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन एवं खेल विभाग के पदाधिकारीयों द्वारा भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत शिवनारायण टांडी, योगेश द्विवेदी, दयाल सिंह, मोहित शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, निरंजन यादव, जावेद पठान, पवन यादव, पावन पाटिल, धर्मेंद्र भदोरिया, रितेश मालवीय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज राजानी अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले रोटरी क्लब के पदाधिकारीयों को बहुत-बहुत बधाइयां समाज में निरंतर सेवाभावी रूप से कार्य करने वाले रोटरी के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुधीर पंडित एवं सचिव भरत विजयवर्गीय बार एसोसिएशन के चंद्रपाल सोलंकी उपाध्यक्ष विशाल तिवारी एवं बिटिया अंशिका प्रजापति के सब इंस्पेक्टर में चयन होने पर बहुत-बहुत बधाइयां दी।

आजादी के बाद भी जसमतपुरा का मार्ग पक्की सड़क से कोसों दूर

- ग्रामीणों के लिए हर कार्य के लिए हर दिन चुनौती

कांटाफोड़ - नगर के समीप स्थित ग्राम जसमतपुरा में बरसात के समय मुख्य मार्ग से संपर्क कट जाता है जिससे मरीज, गर्भवती महिलाएं, स्कूली बच्चे और किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होते है। ग्रामीण बोले आजादी के बाद भी गांव तक नहीं पहुंची सड़क देश को आजाद हुए करीब आठ दशक बीत चुके हैं। सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के दावे करती रही हैं, लेकिन देवास जिले के कन्नौद विकासखंड की ग्राम पंचायत हीरापुर अंतर्गत जसमतपुरा गांव आज भी पक्के संपर्क मार्ग का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से अब तक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण नहीं हो सका, जिसके कारण हर मौसम में परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। बरसात आते ही हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। जसमतपुरा को कांटाफोड़-बिजवाड़ मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग आज भी कच्चा और दुर्गम है। बारिश के दौरान रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे कई बार गांव का मुख्य मार्ग से संपर्क लगभग टूट जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को कई किलोमीटर जंगल के रास्ते पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ता है। इस दौरान जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है।

सड़क नहीं होने से प्रसूता महिलाओं को अस्पताल पहुंचाना, गंभीर मरीजों का समय पर उपचार कराना, बच्चों को स्कूल भेजना और किसानों को कृषि उपज बाजार तक पहुंचाना बड़ी चुनौती बन गया है। कई बार मरीजों को खाट या दोपहिया वाहन के सहारे मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर इलाज नहीं मिलने से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

सड़क के अभाव का असर गांव की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। किसानों को कृषि उपज मंडी तक पहुंचाने में अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ता है। बैंक, शासकीय कार्यालय और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने से गांव विकास की मुख्यधारा से लगातार पीछे छूटता जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्षों से सड़क निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सामने रखी जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जसमतपुरा संपर्क मार्ग का निर्माण शीघ्र स्वीकृत कर कार्य शुरू कराया जाए, ताकि गांव को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

प्रशासन का पक्ष

ग्राम पंचायत हीरापुर के सहायक सचिव ने बताया कि जसमतपुरा संपर्क मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही पूरे मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ ही जहां-जहां मार्ग अत्यधिक खराब है, वहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए जल्द ही आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाएगी।

शासकीय समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति, जिला

कार्यालय में हुआ स्वागत

देवास। विभिन्न जिला स्तरीय अशासकीय समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोनयन पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, देवास में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त सदस्यों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने सभी नवनियुक्त सदस्यों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के संकल्प पूरे करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं की शासकीय समिति में नियुक्ति की गई है।

संगठन द्वारा कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी जनसेवा का अवसर है। सभी सदस्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

पाठशाला में रचनाकारों ने जानीं लघुकथा लेखन की बारीकियां

इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने अपने चलो कुछ अच्छा लिखें और सीखें अभियान के तहत लघुकथा की पाठशाला का आयोजन किया. ऑनलाइन हुए इस आयोजन में देश के विभिन्न शहरों से लघुकथाकार शामिल हुए और लघुकथा लेखन की बारीकियों को जाना. मुख्य अतिथि वरिष्ठ लघुकथाकार अशोक भाटिया (हरियाणा) ने उपस्थित लघुकथाकारों के सवालों के जवाब देते हुए लघुकथा के आकार, प्रकार, शिल्प, कथ्य, भाषा, वर्तनी पर प्रभावी प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार और हिंदी मासिक वीणा के संपादक राकेश शर्मा ने लघुकथा आंदोलन में इंदौर के लघुकथाकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया.

एक नजर | प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की शिकायत के बाद

सतवास में यह कैसा सिस्टम, मुख्यमंत्री के आदेश भी बे असर

सतवास में शिक्षा विभाग की औचक जांच के बाद अब पूरे क्षेत्र की निगाहें जांच रिपोट पर वर्षों से उठ रहे यूनिफॉर्म और किताबों की मनमानी के आरोपों पर क्या इस बार चलेगा प्रशासन का डंडा

क्या सच में होगी कोई कार्यवाही? या महज औपचारिकता निभा रहे हैं जांच करने वाले अधिकारी सतवास एवं आसपास के क्षेत्र में निजी विद्यालयों द्वारा यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ की लगातार शिकायत की जा रही थी

न खाता न बई जो कह दिया वो सही कमीशन के इस खेल में अभिभावको को के साथ मन माने भाव लगा कर स्कूल प्रबंधन द्वारा एम पी आर टी सी के अलावा महंगी महंगी बुक लगाकर उनकी जेब हजारों रुपए का डाका डाला जा रहा हैं, सतवास में कही कहीं तो प्रायवेट स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक ही यह सब सामान बेच रहे है, और एक विशेष प्रकार की स्लिप बनाकर अपने पसंदीदा ज्यादा कमीशन देने वाले दुकानदार के पास ग्राहकों को



भेजा जाता हैं

जिनके भाव अन्य जगहों से सीधे डबल होते है यानी कमीशन के इस खेल में अभिभावको को के साथ खुली लुट मची है

मुख्यमंत्री जी के सख्त निर्देशों के बावजूद भी कुछ स्कूल वाले इसमें बिल्कुल भी सुधार नहीं कर रहे हैं

मुख्यमंत्री के आदेश दरकिनार कर उनके आदेश की अवहेलना कर उनके आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं

वही सतवास क्षेत्र में कुछ स्कूल तो बगैर मान्यता की ही चल रहै है इन सभी मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार शिक्षा विभाग को जांच के लिए

मैदान में उतरने पर मजबूर कर दिया।

वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कन्नौद शिक्षा विभाग की विशेष जांच टीम ने सतवास में शनिवार को कई निजी विद्यालयों में औचक निरीक्षण कर यूनिफॉर्म, किताबों और शासन के नियमों के पालन की गहन पड़ताल की। टीम के अचानक पहुंचने से निजी विद्यालयों में हड़कंप की स्थिति बन गई और पूरे क्षेत्र में यह संदेश गया कि अब शिकायतों को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा जाएगा।